of providing 60 days time to the Administrative Ministries for making fresh efforts to settle the dispute or furnish their comments; calling for the additional in-formation from the Conciliation Officer] Union|management and the mailer being subjudice, etc.

(b) Ministry of Labour had received 449 FOC Reports in the year 1990, 340 in the year 1991 and 338 in the year 1992 from the offices coming under the Regional Labour Commissioner (Central), Kanpur. Out of these, all the FOC Reports received in the years 199(r and 1991 have been disposed. There are only 123 FOC Reports, out of 338 received in the year 1992 which are at various stages of processing and have not been finally disposed.

(c) Out of the 1127 FOC Report? received from RLC (Central), Kanpur, during the last three years, 478 pertained to Banks, 258 to Central Public Sector Undertakings, 202 to Railways, 131 to P&T Department, 48 to Defence, 7 to Non-Coal Mines and 3 to Coal-M-ines.

(d) Wherever the Government considers that an industrial dispute is in existence, it . is referred to the Central Government Industrial Tribunal)State Govern ment Industrial TribunallLabour Court for determining the relief to the aggrieved employees.

पंजीकृत भर्ती एजेंटों के विरुद्ध शिकायतें

1523. **चौधरी हर मोहन सिंह** : क्या श्रम मंत्री यह बताने की क्या कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1991-92 और 1992-93 के दौरान पंजीकृत एजेंटों द्वारा धोखाधड़ी की कितनी-कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) क्या यह सच है कि ऐसी शिकायतों की ठीक तरह से जांच नहीं की जाती है;

(ग) उक्त वर्षों के दौरान कितने व्यक्तियों को सजा दी गयी;..

(घ) क्या यह भी सच है कि सजा केवल पंजीकरण के निलम्बन तक ही सीमित होती है;

(ङ.) क्या सरकार उत्प्रवास अधिनियम, 1983 के उपबंधों को लागू करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के कार्यकरण की समीक्षा करने का विचार रखती है; और

(च) यदि हां, तो, पिछले 2 वर्षों के दौरान ऐसी समीक्षा कितनी बार की गई ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी ए. संगमा) : (क) पंजीकृत भर्ती एजेन्टों द्वारा की गई धोखाधड़ी से संबंधित प्राप्त की गई शिकायतों की संख्या निम्नानुसार है :--

वर्ष	शिकायतों की संख्या
1991	54
1992	69
1993 (31-3-93 तक)	27

(ख) से (घ) पंजीकृत भर्ती एजेंटों के विरुद्ध जैसे ही कोई शिकायत प्राप्त होती है, उस शिकायत की प्रकृति के आधार पर पुलिस अथवा विदेश स्थित संबंधित भारतीय मिशन की सहायता से उसकी जांच की जाती है। वर्ष 1991, 1992 तथा 1993 (31-3-1993 तक) के दौरान 10 भर्ती की एजेंटों के पंजीकरण प्रमाण-पत्र निलम्बित किए गये थे। निलम्बन की अवधि के दौरान इन एजेंसियों को विदेशों में रोजगार देने सम्बन्धी व्यवसाय करने की अनुमति नहीं थी। ऐसे अपराधों को उत्प्रवास अधिनियम, 1983 के अन्तर्गत दण्डनीय बनाया गया और उनके लिए कठोर कारावास एवं जुर्माना निर्धारित किया गया है।

(ङ.) और (च) उत्प्रवास अधिनियम, 1983 के प्रावधानों को कार्यान्वित करने के लिए प्रक्रियाओं एवं दिशानिर्देशों का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है। उत्प्रवास संरक्षी को यह सलाह दी है गई है कि वे उत्प्रवास प्रक्रिया का गम्भीरता से पालन करें। जब कभी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा किए गए किसी अनाचार की सूचना मंत्रालय को प्राप्त होती है तो उसके विरुद्ध सी. सी.एस. (सी.सी.एण्ड ए.) नियमावली, 1965 के अन्तर्गत समुचित कार्रवाई की जाती है।